कार्यालय छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल, रायपुर

व्यापम भवन, नार्थ ब्लॉक, सेक्टर–19, अटल नगर, नवा रायपुर (छ.ग.)–492002

Phone No.- 0771-2972780, Website- https://vyapamcg.cgstate.gov.in

क्रमांक/व्यापम/परीक्षा एफ–20/2026/442 रायपुर, दिनांक 30/01/26

कार्यालय परिवहन आयुक्त, छत्तीसगढ़, नवा रायपुर के अंतर्गत परिवहन आरक्षक पदों की लिखित भर्ती परीक्षा (TDC26) के ऑनलाइन आवेदन के सम्बंध में विज्ञप्ति

छ.ग. व्यापम, नवा रायपुर द्वारा कार्यालय परिवहन आयुक्त, छ.ग., नवा रायपुर का पत्र क्र./8227/स्था./टीसी/2025/दिनांक 20.05.2025, उप परिवहन आयुक्त, छ.ग., नवा रायपुर का पत्र क्र./9647/स्था./टीसी/2025/दिनांक 01.08.2025, पत्र क्र./11840/स्था./टीसी/2025/दिनांक 02.12.2025, पत्र क्र./419/स्था/टीसी/2026/दिनांक 27.01.2026 एवं पत्र क्र./स्था/टीसी/I/270236/2026/दिनांक 30.01.2026 द्वारा प्राप्त प्रस्तावों के आधार पर परिवहन आरक्षक के रिक्त पदों पर लिखित भर्ती परीक्षा के लिए ऑनलाइन आवेदन हेतु परीक्षा का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। अभ्यर्थी व्यापम के पोर्टल में निम्नानुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे–

1.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की प्रारंभिक तिथि	–	30.01.2026 (शुक्रवार)
2.	ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने की अंतिम तिथि	–	24.02.2026 (मंगलवार) सायं 5:00 बजे तक
3.	त्रुटि सुधार	–	25.02.2026 से 27.02.2026, सायं 5:00 बजे तक
4.	**परीक्षा की संभावित तिथि**	**–**	**19.04.2026 (रविवार)**
5.	परीक्षा का समय	–	पूर्वान्ह 11:00 से 1:15 बजे तक
6.	व्यापम वेबसाइट पर प्रवेश पत्र जारी करने की संभावित तिथि	–	13.04.2026 (सोमवार)
7.	परीक्षा केन्द्र	–	16 जिला मुख्यालयों में

अभ्यर्थी द्वारा ऑनलाइन आवेदन करते समय परीक्षा शुल्क का भुगतान ऑनलाइन पद्धति से किया जावेगा। छत्तीसगढ़ शासन के नियमानुसार छत्तीसगढ़ राज्य के स्थानीय निवासी अभ्यर्थी, जो परीक्षा में उपस्थित होते हैं, उनका परीक्षा शुल्क व्यापम द्वारा वापस कर दिया जावेगा । परीक्षा शुल्क उसी बैंक खाता में वापस किया जावेगा, जिस बैंक खाता से अभ्यर्थी ने ऑनलाइन आवेदन परीक्षा शुल्क का भुगतान किया है ।

विस्तृत जानकारी व्यापम की वेबसाइट vyapamcg.cgstate.gov.in पर उपलब्ध है।

30 Jan 2026

नियंत्रक
छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मण्डल
रायपुर

30.01.26